संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2022 की काउन्सिलिंग प्रक्रिया के 13वें से 14वें चरण से पूर्व प्रवेश निरस्त (Withdrawal from counseling) कराते हुए जमा शुल्क वापस लेने हेतु नियम

1. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2022 के **केवल डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम** हेतु 13वें व 14वें चरण की विशिष्ट काउन्सिलिंग दिनांक 13.12.2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 30.12.2022 को समाप्त होगी।
2. विशिष्ट काउन्सिलिंग से पूर्व सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रथम से बारहवें चरण तक के प्रवेशित अभ्यर्थियों के लिए "Withdrawal from counseling process" की सुविधा दिनांक 09.12.2022 से 12.12.2022 तक उपलब्ध रहेगी।
3. उपरोक्त के अतिरिक्त 13वें व 14वें चरण में "Withdrawal from counseling process" की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
4. शुल्क की वापसी अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण के समय अंकित किये गये बैंक खाते में ही की जायेगी। किसी अन्य माध्यम/खाते में शुल्क वापसी सम्भव न हो सकेगी।
5. "Withdrawal from counseling process" में पंजीकरण के समय अभ्यर्थी को अपने बैंक की चेकबुक की छायाप्रति को अपलोड करना है। चेकबुक उपलब्ध न होने की स्थिति में अभ्यर्थी बैंक खाते की पासबुक के प्रथम पेज की छायाप्रति भी अपलोड कर सकते हैं।
6. अभ्यर्थी द्वारा जमा किये गये शुल्क (सुरक्षा धनराशि, प्रवेश शुल्क) की वापसी काउन्सिलिंग के समस्त चरणों की समाप्ति के 15 दिनों के अन्दर दिये गये खाते में ही कर दी जायेगी।
7. "Withdrawal from counseling process" द्वारा प्रवेश शुल्क वापस लेने वाले अभ्यर्थियों की पूर्व में आवंटित सीट निरस्त कर दी जायेगी तथा ऐसे अभ्यर्थी काउन्सिलिंग प्रक्रिया से पूर्णतया बाहर हो जायेंगे तथा पूर्व आवंटित सीट पर उनका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
8. कृपया "Withdrawal from counseling process" का चयन सावधानीपूर्वक करें एवं अपने लॉगिन आई0डी0 पासवर्ड को गोपनीय रखें।

(राम रतन)
प्रभारी सचिव
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद
उ० प्र० लखनऊ